आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website http://hte.rajasthan.gov.in/dcp/dce/
e-mail: nsscceraj@gmail.com Ph.: 8377917640

क्रमांकः एफ.8(8)विविध/एनएसएस/आकाशि/2023/ दिनांकः 27 फरवरी, 2024

समस्त जिला समन्वयक,
राजस्थान।

सन्दर्भ :– आपके अधीन राजकीय/निजी महाविद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत आयोजित की गयी सूचना संकलित कर उपलब्ध करवाने बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रायः देखा गया है कि विभाग द्वारा बार बार सूचना मांगने के उपरान्त भी विभाग को आप द्वारा सूचना समय पर उपलब्ध नहीं करवायी जाती है जिसके अभाव में भारत सरकार को राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित गतिविधियों की सूचना जैसे – विभाग द्वारा जारी वार्षिक कैलेण्डर के अनुरूप गतिविधियाँ, बजट का उपयोगिता प्रमाण–पत्र, एक दिवसीय, त्रैमासिक, सात दिवसीय स्पेशल कैम्प, मंथली सूचना, महाविद्यालय में पंजीबद्ध स्वयं सेवक/सेविकाओं की 25 कॉलम में सूचना एवं सत्रांत में वार्षिक रिपोर्ट इत्यादि उपलब्ध नहीं करवाने के कारण विभाग की छवि खराब होती है, जिसके कारण राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित बजट एवं अन्य लाभ भारत सरकार से समय पर प्राप्त नहीं कर पाते है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आपके अधीन राजकीय/निजी महाविद्यालयों के प्राचार्यो/कार्यक्रम अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर विभाग द्वारा चाही गई सूचना निर्धारित फोल्डर में इकजाई कर विभाग की **e-mail: nsscceraj@gmail.com** पर उपलब्ध करवावें। विलम्ब के लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

प्रतिलिपि –

1. प्राचार्य, समस्त राजकीय/निजी महाविद्यालय, राजस्थान को प्रेषित कर लेख है कि राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत आपके महाविद्यालय में आयोजित की गई गतिविधियाँ एवं विभाग द्वारा चाही गई सूचना सम्बन्धित जिला समन्वयक से समन्वय स्थापित कर समय पर सूचना उपलब्ध करवावें। समय पर सूचना उपलब्ध नहीं करवाने एवं विलम्ब से उपलब्ध करवाने के लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।
2. वेब साइड प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर को अपलोड हेतु।

(डॉ. कृष्ण कुमार कुमावत)
राज्य समन्वयक
युवा कौशल एवं विकास प्रकोष्ठ

Signature valid
Digitally signed by Krishan Kumar Kumawat
Designation : Assistant Professor
Date: 2024.02.27 11:09:58 IST
Reason: Approved